nature of the work, but certainly on the question of minimum wages, it must be made the same, and where the nature of the job is the same, certainly equal wages should be paid.

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

> "That the Bill to introduce equal pay for equal work for women workers be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 30th September, 1959."

The motion was negatived.

16.02 hrs.

CODE OF CRIMINAL PROCEDURE (AMENDMENT) BILL

(*Omission of sections* 107, 109 *and* 110 *and amendment of section* 161) *by Shri Jagdish Awasthi.*

श्री जगदीश अवस्थी (बिल्हौर) उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह विधेयक प्रस्तुत करता हूं

> "That the Bill further to amend the Code of Criminal Procedure, 1898 be taken into consideration."

यदि इस विधेयक को देखा जाए तो इसमें स्पष्ट है कि धारा १०७, १०९ और ११० जिस प्रकार से इस कानूनी पुस्तक में रक्खी गई है, उन की शब्दावली से मालूम होता है कि किसी भी व्यक्ति को जिसने अपराध सचमुच किया नहीं, लेकिन करने की आकांक्षा है या उस पर इस प्रकार का शक है, तो उसे दण्डित किया जा सकता है। आप धारा १०७ को लें। इस धारा १०७ में जो शब्दावली है, उस से केवल एक ही बात स्पष्ट होती है कि ऐसे व्यक्ति को जिसकी तरफ से यह आशंका हो कि शान्ति भंग होने की सम्भावना है, उस व्यक्ति को पुलिस या राज्य गिरफ्तार कर सकता है, जेल में भेज सकता है और मैजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत करके उस को दण्ड दिलाया जा सकता है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यदि आप सारी विश्व की दण्ड व्यवस्था को देखें तो इस दण्ड व्यवस्था में एक ही सिद्धान्त है और वह यह कि जब तक कोई मनुष्य अपराध न करता हो तब तक उसे आप दण्ड नहीं दे सकते हैं। कल्पना कीजिये कि एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को पीट दे, उस को मार दे, या सशस्त्र हमला कर दे तब राज्य का कर्तव्य है कि उनके बीच में वह दखल दे और जो दोषी व्यक्ति है उसे पकड़ कर दंड दिया जाय। अगर आप इस सारे दण्ड पर इस धारा को देखें तो कहीं इस में इस बात का जिक्र नहीं है कि कोई व्यक्ति जब अपराध करता है तभी उसे दंडित किया जाय। इसमें स्पष्ट है कि केवल आशंका से आप उसे दंडित कर सकते हैं। मैं समझता हूं इस स्वतन्त्र भारत में जो हमारी दण्ड व्यवस्था होनी चाहिये उसमें यह सिद्धान्त हर व्यवहार में लागू होना चाहिये कि जब तक कोई व्यक्ति अपराध न करे, उसे दण्डित न किया जाय। लेकिन धारा १०७ इस सिद्धांत के विपरीत है। इसलिये इस सिद्धान्त की दृष्टि से इस धारा १०७ का हमारी कानूनी पुस्तक में रहना आवश्यक नहीं है। इस दृष्टि से भी मैं यह कहता हूं कि अगर हम अपने भारतीय संविधान को देखें, तो उसमें भी यह लिखा हुआ है और उस में इस बात की गारण्टी दी गई है कि प्रत्येक व्यक्ति को लिखने पढ़ने की और बोलने की आजादी है। इस पर कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाया जा सकता। लेकिन धारा १०७ को अगर आप देखें, उसकी शब्दावली को अगर आप देखें तो उसमें आज भी ऐसा हो रहा है कि अगर किसी व्यक्ति को किसी व्यक्ति से राज्य के लिये आशंका है, उस के भाषण देने से राज्य को खतरा है तो उस व्यक्ति को इस धारा में गिरफ्तार किया जा सकता है। यह केवल किया ही नहीं जा सकता है बल्कि सचमुच ही व्यवहार में ऐसा हो भी रहा है। एक

[श्री जगदीश अवस्थी]

नि:शस्त्र व्यक्ति अगर वाणी से अपनी कोई बात कहता है तो फिर जब तक वह सशस्त्र क्रान्ति न कर दे, जब तक राज्य को सचमुच कोई हानि न पहुचा दे तब तक आप किस प्रकार से उस पर यह आरोप लगा सकते है कि उससे राज्य को सचमुच बहुत बडा खतरा पैदा हो गया है ? हमारा संविधान स्पष्ट कहता है कि जब तक सविधान की धारा मौजूद है तब तक आप धारा १०७ को लागू करके एक व्यक्ति की स्वतन्त्रता को आघात पहुंचाते है । इसलिये यदि आप अपने सविधान की मूल आत्मा को देखे तो उस मूल आत्मा मे स्पष्ट है कि हमारे कानून मे कोई ऐसी धारा नही होनी चाहिये जो हमारे सविधान को इस धारा को अपमानित करती हो । आज जिस रूप मे इस धारा १०७ का प्रयोग होता है वह निश्चित रूप से बहुत ही खराब है । जब कभी देश के अन्दर जन आन्दोलन चलते रहे है, उन जन आन्दोलनो मे जिस प्रकार इसका प्रयोग हुआ है पिछले १२ वर्षों मे, वह इतिहास वास्तव मे बडा दुखद और बडा ही घृणाजन्य है । जिस प्रकार से पिछली मर्तबा मैंने सदन मे दफा १४४ का प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कई उदाहरण उपस्थित किये थे, उसी प्रकार से इसके भी कई उदाहरण पेश किये जा सकते है कि किस प्रकार से विभिन्न राज्यो मे इस धारा १०७ का मनमाने ढग से दुरुपयोग हो रहा है । अगर मे इस के बहुत से उदाहरण दूगा तो सदन का बहुत समय लग जायेगा, लेकिन फिर भी मैं दो एक उदाहरण देना आवश्यक समझता हू कि आज प्रदेशो में पुलिस किस प्रकार से इसका प्रयोग कर रही है । राजस्थान मे एक आन्दोलन चला और उस आन्दोलन मे बहुत से लोग गिरफ्तार किये गये । मध्य प्रदेश के एक सोशलिस्ट पार्टी के नेता जब राजस्थान में गये तो उन के साथ धारा १०७ का प्रयोग किया गया । उनका नाम श्री लाडली मोहन निगम था । उनके साथ किस प्रकार से इस धारा के अन्तर्गत दुर्व्यवहार किया गया यह मै सदन के सम्मुख रखना चाहता हू । इस से इसका दुरुपयोग स्पष्ट हो जायेगा ।

"श्री लाडली मोहन निगम राजस्थान सत्याग्रह के सिलसिले मे बांसवाड़ा गये हुए थे । वहा पुलिस ने उन्हे जाते ही १०७ दफा में पकड़ लिया । एक दूसरी दफा में उन्हें १५ दिन की सजा हो गयी । पुलिस ने कानून का पूरे राजस्थान में गला घोटा । मजिस्टरी व पुलिस का नीच व घृणित गठबन्धन जितना राजस्थान मे है उतना और कहीं नही है । सत्याग्रहियो को पुलिस ने पीटा व उनकी औरतो के साथ दुर्व्यवहार किया । लाडली जी को पुलिस ने मारा तो नही लेकिन उनको तकलीफ खूब दी । गालिया सुनाईं । खाने को बहुत बुरी रोटिया दी गईं । उनको अपना झोला व बिस्तर भी नही दिया गया । बडी गन्दी जगह मे इन्हे रखा गया । एक वकील ने, जिसका नाम श्रीपत है और जो जनसघी है, जब लाडली जी की तरफ से वकालत नामा पेश किया तो इसके बाद पुलिस ने इस वकील को मारा व उसे पिस्तौल दिखाई ।

मजिस्टर ने लाडली जी को १००० रु० की जमानत पर १००० रु० का मुचलका देने को कहा, नही तो इसके बदले में १ साल की सजा मिलेगी । जितने भी जमानतदार लाडली जी को छुड़ाने गये, उन सबको पुलिस ने १०७ में बन्द कर दिया । यहां तक कि जब नीमच के कामरेड एडवोकेट डूगरवाल कामरेड मधु की पैरवी करके लाडली जी की तरफ से पैरवी करने बांसवाडा गये तो उन्हें भी जेल भेज दिया गया । बड़ी मुश्किल से वकील साहब छूटे ।"

उपाध्यक्ष महोदय: माननीय सदस्य ने कहां से इस को पढ़ा है ?

श्री जगदीश अवस्थी : मैंने एक पत्रिका है उससे उदाहरण दिया है, यदि आप चाहें तो मैं सदन की मेज पर इसे रख सकता हूं।

इस घटना से स्पष्ट है कि दफा १०७ का पुलिस द्वारा किस प्रकार से दुरुपयोग किया जाता है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश जहां से कि मैं आता हूं और वहां की हालत से भली भांति परिचित हूं, अगर यह कहूं कि उत्तर प्रदेश में इन पिछले ११–१२ सालों में जनतन्त्र नहीं चल रहा है बल्कि पुलिस राज कायम है तो इसमें कोई अतियुक्ति नहीं होगी। यह देखने में आया है कि जब कभी उत्तर प्रदेश में विरोधी पार्टियों द्वारा कोई आन्दोलन चलाया जाता है, और जो कि शांतिपूर्ण होते हैं तो वहां की राज्य सरकार और वहां की पुलिस भिन्न भिन्न जिलों में जो भी इस तरह के अहिंसात्मक और शान्तिपूर्ण आन्दोलन चलते हैं, उनको पूरी तरह कुचलने के लिये और जो भी आवाज वहां के शासन के खिलाफ उठे उसे पूर्ण रूप से बन्द करने के लिये इस १०७ दफा का आश्रय लिया जाता है और इस दफा के अधीन तमाम अपने राजनैतिक विरोधियों को चुन चुन कर बन्द कर दिया जाता है।

मेरे मित्र श्री प्रभु नारायण सिंह यहां पर बैठे हुए हैं और मैं आशा करता हूं कि इस सदन को उनकी जबानी वह तमाम वाकयात सुनने को मिलेंगे जो कि स्वयं उनके साथ उत्तर प्रदेश में घटित हुए। सन् १९५७ में जब उत्तर प्रदेश के अन्दर से विदेशी मूर्तियों को हटाने का आन्दोलन चला तो उनको इस १०७ दफा के मातहत गिरफ्तार कर लिया गया और वे खुद बतलायेंगे कि हाईकोर्ट ने किस प्रकार उनको छोड़ा। अभी जो उत्तर प्रदेश में खाद्य आन्दोलन चला उसमें भी वे पुनः इसी दफा के अन्दर गिरफ्तार किये गये और किस प्रकार से वह हाईकोर्ट से छूटे।

उत्तर प्रदेश में सन १९५७ के चुनावों के पश्चात् जब कि शासक दल बहुत जगह हारा तो जिन लोगों ने कांग्रेस को हराने में कोशिश की थी, योग दिया था और कांग्रेस के मुकाबिले विरोधी पक्षों के उम्मीदवारों को जिताया था, उन लोगों के विरुद्ध भी पुलिस ने मनमाने ढंग से धारा १०७ का दुरुपयोग किया। कानपुर जिले से जहां का कि प्रतिनिधित्व करने का मुझे गौरव प्राप्त हुआ है, वहां का मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। हमारे कानपुर में पाली नाम का एक गांव है जहां पर कि एक बहुत ही इज्जतदार और सम्भ्रान्त व्यक्ति हमारे जिले के ठाकुर नयनसिंह रहते हैं जो कि दस वर्ष तक निरन्तर जिला बोर्ड के चेयरमैन रहे और चुनाव के समय उन्होंने हम लोगों का साथ दिया। जब चुनावों में वहां से विधान सभा की सीट के लिये कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार पराजित हो गया तो उन पराजित महानुभाव ने जिला कलक्टर से मिल कर, हालांकि पुलिस ने इसके बारे में कोई खिलाफ रिपोर्ट नहीं की थी तो भी एक किसी रिपोर्ट के नाम पर उनके ऊपर १०७ का नोटिस तामील करवा दिया और लगातार ६ महीने तक उनको धारा १०७ के अन्तर्गत कचहरी में आना पड़ा। अब जब एक ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्ति के विरुद्ध जो कि शान्तिपूर्ण है और जिनमें कि शान्ति के भंग होने की कोई आशंका नहीं है, उनके विरुद्ध जब इस दफा १०७ का प्रयोग कर दिया जाता है तब और लोगों की तो बात ही क्या पूछना। मैं एक नहीं अनेक इस सम्बन्ध में सदन के सामने उदाहरण पेश कर सकता हूं जिसमें १०७ दफा का इस तरह नाजायज तौर पर इस्तेमाल किया गया और जिसका कि उद्देश्य महज अपने राजनैतिक विरोधियों का दमन करना और उनका मुंह बन्द करना है।

इसी तरह हमारे पार्टी के मन्त्री जो कि पिछले चुनाव में कुछ ही वोटों से निर्वाचित होने से रह गये तो कांग्रेस वालों ने अपनी खार मिटाने के लिये उनके विरुद्ध इस धारा का प्रयोग करवाया। आज भी अगर आप देखें तो पायेंगे कि इस प्रदेश के भिन्न-भिन्न जिलों में जो विरोधी पक्ष के लोग हैं उनके

[श्री जगदीश अवस्थी]

विरुद्ध इस दफा १०७ का प्रयोग किया जाता है। भारतीय संविधान ने जो लोगों को मौलिक अधिकार दिये है उनका प्रयोग करने से आप अपने से विरोधी विचार रखने वालो को वंचित रखते है। आप धड़ल्ले से उनके विरुद्ध दफा १०७ का प्रयोग कर रहे है। ऐसे समाजसेवी लोग जिनको कि जनता चुन कर भेजती है आप उनको शान्ति भंग होने के अंदेशे के नाम पर पकड़ कर बन्द कर देते है और इस प्रकार वे संविधान में जो अधिकार उनको प्राप्त है उनका उपयोग करने से वह वंचित रह जाते है। उत्तर प्रदेश मे जिससे कि मेरा सम्बन्ध है, वहा की मजिस्ट्रेसी और पुलिस मिल कर धारा १०७ का प्रयोग करती है। मैं तो समझता हू कि शायद गुलाम भारत में भी हमारे उत्तर प्रदेश में इस दफा १०७ का उतना प्रयोग नहीं होता था जितना कि भारत स्वाधीन होने के समय से हो रहा है। आज उत्तर प्रदेश मे शायद ही कोई ऐसा जिला बाकी बचा होगा जहा कि इस धारा १०७ का प्रयोग करके लोगो को सालो कचहरियो मे न दौड़ाया जाता हो। यहा तक भी देखा गया है कि पुलिस कुछ लोगो के खिलाफ रिपोर्ट करती है कि इनसे राज्य की शान्ति भंग होने का अंदेशा है और कभी कभी जब मजिस्ट्रेट्स के यहा दोनो तरफ के लोगो को बुलवा कर सुन लिया जाता है और दोनो पक्ष के लोग यदि समझौता भी कर लेते है तब भी पुलिस उनको रिपोर्ट नही देती है और इनको परेशान किया जाता है और वे बेचारे सुबह से शाम तक ४०, ४० का गोल बाध कर हेड क्वार्टर मे आते है और शाम के वक्त कह दिया जाता है कि पेशी बढ़ गई। इस तरह से उनके समय को बर्बाद किया जाता है और परेशान किया जाता है।

मेरे अपने क्षेत्र के एक व्यक्ति के विरुद्ध जिसका कि पैर लंगड़ा था इस १०७ का प्रयोग किया गया और उसको परेशान करने के लिये उसके मुकदमे की सुनवाई की तारीख बढ़ा दी जाती थी। अन्त में एक दिन वह मुझे मिला तो मैंने उससे कहा कि तुम मजिस्ट्रेट महोदय से कह दो कि अगर मुझ से राज्य की शान्ति भंग होने का अंदेशा है तो मुझे भले ही जेल भेज दीजिये या पुलिस से आप कहिये कि वह सबूत पेश करे। लेकिन उसके साथ होता यह था कि सबूत के अभाव में तारीख बढ़ा दी जाती थी और उसको व्यर्थ में परेशान किया जाता था। जब मजिस्ट्रेट से उसने यह बात कही तब चूंकि उसके विरुद्ध कोई पुलिस ने सबूत फराहम नहीं किया था इसलिये उसको १०७ की दफा से मुक्त कर दिया।

उत्तर प्रदेश और खास करके कानपुर में जैसा मैंने निवेदन किया वहा की मजिस्ट्रेसी और पुलिस द्वारा मिल कर निर्दोष और शान्तिप्रिय व्यक्तियों को परेशान करने की दृष्टि से धारा १०७ मे उनको बाध दिया जाता है और उसका दुरुपयोग किया जाता है। इसलिये मै चाहता हू कि अब समय आ गया है जबकि इस विषय पर गम्भीरतापूर्वक सोचा जाय और यह न भुला दिया जाय कि अब तो हमारा भारत स्वाधीन हो गया है और भारतीय संविधान के रहते इस प्रकार की धाराओ का हमारे कानून मे रहना गलत है और अनुचित है। हमे इस बात का व्यवस्था कर देनी है कि अब तो कम से कम जो शान्तिप्रिय व्यक्ति है और जिनसे कि राज्य की शान्ति का कोई खतरा नही है अलबत्ता जो कि शासक दल से भिन्न और विरोधी विचार रखते है, उनके विरुद्ध इस दफा १०७ आदि का दुरुपयोग न किया जाय।

मेरे विधेयक मे दफा १०९, ११० को भी कोड आफ क्रिमिनल प्रोसीज्योर कोड से ओमिट करने की मांग की गई है। मैं समझता हू कि इतना व्यापक झूठ शायद कभी नही बोला जाता है जितना दफा १०९ मे बोला जाता है और जिसका कि प्रयोग लोगो के विरुद्ध कार्यवाही करने में पुलिस द्वारा किया जाता है। मेरा तो सदा से विश्वास है कि दफा १०९ के अलावा विभिन्न राज्यों के आकड़े

इकट्ठे किये जायं और उन अभियोग पत्रों को जिनके कि आधार पर लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है इकट्ठे किये जायें वह तो एक मनगढ़न्त कहानी का बड़ा पोथा बन सकता है। वैसे दफा १०९ की शब्दावली बहुत थोड़ी है लेकिन सब कोई जानते हैं कि उसका प्रयोग कितने भीषण और गलत ढंग से होता है। हाई कोर्ट्स तक तो मुकदमे पहुंच ही नहीं पाते हैं और लोअर कार्ट्स से जिनको सजा हो जाती है और जिनके कि विरुद्ध अपीलों की जब सुनवाई होता है और उनके सम्बन्ध में जो न्यायाधीश और मजिस्ट्रेट्स लोग निर्णय देते हैं उनको अगर आप देखें तो उनसे आपकी आखें खुल जायेंगी। मैं समझता हूं कि इस सदन के बहुत से माननीय सदस्यों का इस १०९ दफा का जाती तजुर्बा होगा। मेरा यह सौभाग्य है कि मुझे इसका स्वय जाती अनुभव नहीं है, लेकिन जिनको कि इससे साबका पड़ा है वे खूब जानते हैं कि किस प्रकार से इसका दुरुपयोग पुलिस भीषण रूप से करती है। इस दफा की शब्दावली अगर आप देखें तो आपको मालूम पड़ेगा कि इस देश की कई करोड़ जनसंख्या ऐसी है जिनके कि पास न रहने को मकान है और न खाने को ही पर्याप्त भोजन मिल पाता है। जीविका का उनके पास कोई समुचित साधन नहीं है और मेरी समझ में धारा १०९ का प्रयोग उन्हीं लोगों पर किया जाता है। हम गरीब हैं, हम दुखी दरिद्र हैं इसका यह मतलब नहीं है कि धारा १०९ को रख कर इस दुखी और गरीब देश को अपमानित किया जाय।

आप धारा १०९ को इसलिये रखते हैं ताकि वाकई वे जो अपराधी व्यक्ति हो उनको इस के अधीन दंडित किया जाय लेकिन मैं अपने माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या सचमुच धारा १०९ में जो व्यक्ति चालान किये जाते हैं क्या वे वास्तव में चोर और बदमाश होते हैं? आप इस बात को देखें कि जो व्यक्ति १०९ में गिरफ्तार होते हैं और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाते हैं वह कहीं गिरफ्तार किये जाते हैं, लेकिन चार्जशीट में यह लिखा जाता है कि चार आदमी अमुक स्थान पर जा रहे थे, उनमें से एक दो आदमी के पास मोमबत्ती, दियासलाई और लोहे की छड़ थी और वह सेंध लगाने जा रहे थे। उसी समय पुलिस के आदमी आ गए और उन चार आदमियों में से तीन भाग गए और एक आदमी को पकड़ लिया। इस प्रकार के अभियोग पत्र रखे जाते हैं। और जो व्यक्ति पकड़ा जाता है वह गरीब और साधनहीन होता। उसके पास वकील करने का साधन नहीं होता और न वह अपने पक्ष में गवाह ला सकता है। पुलिस वाले उसको लालच देते हैं कि अगर तुम अपना अपराध स्वीकार कर लोगे तो तुम को छोड़ दिया जाएगा और वह स्वीकार कर लेता है। परिणाम यह होता है कि छोटी अदालत में शायद ही कोई ऐसा केस होता हो जिसमें एक साल की सजा न ठोक दी जाती हो और उसको जेल में न भेज दिया जाता हो। अगर हिन्दुस्तान की जेलों की दीवारों के आंख, कान और मुह होते तो वे इन बातों को ठीक तरह से बयान कर सकती। मैं इस सदन को बतलाना चाहता हूं कि शायद उत्तर प्रदेश में ही इस धारा १०९ के अन्तर्गत ५-६ हजार के बीच व्यक्ति जेलों में होंगे और सारे देश में २० या २५ हजार व्यक्ति इस धारा के अन्तर्गत जेलों में होंगे। और जो व्यक्ति एक बार इस धारा से जेल चला जाता है उसको छूटने पर पुलिस वाले फिर बन्द करवा देते हैं। कभी कभी तो यह देखा जाता है कि इधर वह जेल से छूटता है और उधर पुलिस उसको पकड़ लेती है। और फिर उसको सजा कर दी जाती है।

मजिस्ट्रेटों की यह दशा है कि वही मोमबत्ती, दियासलाई और लोहे की छड़ जो एक मुकद्दमे में पेश की जाती है उसी को दूसरे मुकदमों में भी एग्जिबिट कर दिया जाता है। इस तरह की बहुत सी दिलचस्प बातें इस

[श्री जगदीश अवस्थी]

धारा के केसों में होती है जिनसे माननीय सदस्य परिचित होंगे । इसमें शक नहीं कि इस प्रकार न्याय की हत्या की जाती है । मैं तो यह मानता हूं कि यदि किसी को दण्ड भी मिलता है तो उसको नियम के अनुसार मिलना चाहिए । यदि कोई एक भी निर्दोष व्यक्ति दण्ड पाता है तो यह सरकार और न्याय व्यवस्था के लिये कलंक की बात है । लेकिन धारा १०९ को इस रूप में प्रयोग करके बड़ा ही निन्दनीय कार्य हो रहा है ।

और इस बात को केवल मैं ही नहीं कह रहा हूं । हमारे बहुत से न्यायाधीशों ने जो इस सम्बन्ध में निर्णय दिये हैं वे आंख खोलने वाले हैं । मैं खुद सदन के सामने

उपाध्यक्ष महोदय अभी माननीय सदस्य दफा १०९ तक ही पहुंचे हैं अभी ११० और १६१ बाकी हैं ।

श्री जगदीश अवस्थी उन पर बहुत थोड़ा कहना है । सबसे दिलचस्प धारा यही है ।

उपाध्यक्ष महोदय ११० इसमें भी ज्यादा दिलचस्प है ।

श्री जगदीश अवस्थी उसमें तो यह साबित करना पड़ता है कि यह आदमी है बिचुअल है, उसके खिलाफ रिपोर्ट होनी चाहिये । लेकिन इस दफा में तो किसी रिपोर्ट की जरूरत भी नहीं होती । इसलिये यह बहुत दिलचस्प है ।

उपाध्यक्ष महोदय दिलचस्प बनाना या न बनाना तो आपके वश में है ।

श्री जगदीश अवस्थी मैं बहुत थोड़ा समय लूंगा ।

अभी सन् १९५६ में कानपुर नगर और जिले में इस दफा का बड़ा भीषण दुरुपयोग हुआ और वहां के न्यायाधीश ने इस दफा के सम्बन्ध में कई निर्णय दिये हैं । एक व्यक्ति बाबूलाल की अपील स्वीकार करते हुए न्यायाधीश ने निम्नस्थ मजिस्ट्रेट की कटु आलोचना की है और कहा है कि विद्वान् मजिस्ट्रेट ने निर्णय में लापरवाही की है । उनका निर्णय संक्षिप्त और स्पष्ट है । न्यायाधीश ने यह भी आदेश दिया है कि उनके निर्णय की एक प्रतिलिपि जिला मजिस्ट्रेट को भेज दी जाए ताकि वे उचित कार्रवाई कर सकें । यह निर्णय स्थानीय समाचार पत्र में छपा था । उसमें कहा गया था .

"अपील कर्ता बाबूलाल को भारतीय दंड विधान की धारा १०९ के अन्तर्गत २५० रुपये का जाती मुचलका तथा इतनी ही रकमों की दो जमानतें ६ माह की नेक-चलनी के आश्वासन के साथ दाखिल करने का आदेश मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया था ।

विद्वान् न्यायाधीश ने निर्णय में लिखा है कि अभियुक्त के विरुद्ध यह मामला था कि उसने ४ और ५ सितम्बर, १९५५ के मध्य की रात्रि को प्रातः २ बजे के लगभग गांधी नगर (सीसामऊ) क्षेत्र में कुछ अपराध करने की नीयत से देख भाल कर रहा था।

१२ अक्तूबर, १९५५ को अभियुक्त को जो नोटिस मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया था उस में यह वर्णित नहीं था कि किस समय और स्थान पर अपीलकर्ता अपने को छिपाने के उद्देश्य से कार्यवाही कर रहा था। नोटिस में इन पूर्तियों का स्थान बिना कुछ लिखे खाली छोड़ दिया गया है ।

इस कारण नोटिस स्पष्टतया अस्पष्ट एवं अर्थहीन था । जब अपीलकर्ता के बयान लिये गये तब भी उसे नहीं बताया गया कि किस दिन और किस समय पर वह अपराध करने की गरज से अपने को छिपाने की कोशिश कर रहा था । इन पूर्तियों का स्थान रिक्त छोड़ दिया गया है । यह बहुत गम्भीर बात है और यह प्रकट करती है कि कुछ मजिस्ट्रेट

धारा १०९ के मामलों के विचार के समय उस पर उचित ध्यान नहीं देते ।

अपीलकर्ता के पास से चोरी का कोई सामान बरामद नहीं हुआ है । साक्षी पक्ष के अनुसार उस के पास केवल एक दियासलाई और मोमबत्ती निकली थी । इन से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह यह चीजे चोरी करने के ही उद्देश्य से अपने पास रखे था । विद्वान् मजिस्ट्रेट का निर्णय संक्षिप्त एव अस्पष्ट है । साक्षियों के बयान न तो दर्ज किये गये हैं और न विद्वान् मजिस्ट्रेट ने उन की समीक्षा ही की है । उन्होंने केवल यही कहा है कि गवाहों ने साक्षी पक्ष की बाते पुष्ट की हैं । उन्होंने क्या कहा था यह लिखा होना चाहिये था ।"

सत्र न्यायाधीश ने इन अनियमितताओं के कारण अभियुक्त को छोड़ देने का निर्णय दिया । इसी प्रकार के और भी बहुत से निर्णय होते हैं । और समाचार पत्रों मे निकलते रहते हैं । लेकिन मैं उन निर्णयों को पढ़ कर सदन का समय नहीं लेना चाहता । केवल यही कहना चाहता हू कि इस तरह से न्याय की बड़ी हत्या होती है । इस के अतिरिक्त कुछ मामलों में निर्णय होने मे बहुत समय लगा दिया जाता है । कभी कभी साल डेढ साल तक लग जाता है । यह एक सिद्धान्त है कि जब न्याय देर से मिलता है तो वह न्याय नहीं होता है । इस प्रकार किसी निरपराध व्यक्ति को डेढ़ साल तक बन्द रखना बहुत गलत है । इसीलिये मैं इस धारा को हटवाना चाहता हू ।

अब मैं सदन के सामने यह प्रकट करना चाहता हूं कि धारा ११० का किस प्रकार दुरुपयोग हो रहा है । आज हर गाव मे हमारे यहा दलबन्दी का राज है । जब से उत्तर प्रदेश मे पंचायत राज कायम हुआ है तब से और कुछ चाहे हुआ हो या न हुआ हो, घर घर मे दलबन्दी जरूर बढ़ती जा रही है और पुलिस का रोब बढ़ता जाता है । एक आदमी दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखा देता है जिस का उस को पता नहीं लगता । कुछ समय के बाद उस को हैबिचुअल कह कर उस पर मुकदमा चला दिया जाता है । अभी मेरे क्षेत्र में दो सगे भाइयों के विरुद्ध धारा ११० का प्रयोग किया गया । उन से पुलिस और गांव के लोग नाराज थे और वे धारा ११० के शिकार हुए । मैं समझता हू कि धारा १०९ और ११० जो कि हमारे प्रजातन्त्र के लिये कलंक है उन को हटा दिया जाना चाहिये ।

अन्त मे मैं धारा १६१ के बारे मे कुछ कहना चाहता हूं । धारा १५४ मे पुलिस को अधिकार है कि वह किसी अपराधी व्यक्ति का बयान ले सकती है । उस के बारे में नियम यह है कि उस बयान की प्रतिलिपि और जो भी अभियुक्त के बारे मे डायरी मे और चर्चा हो उस की प्रतिलिपि जिलाधीश को भेजी जाय । एक प्रतिलिपि सुपरिन्टेन्डेंट पुलिस को भेजी जाये और एक प्रतिलिपि पुलिस आफिस मे रहे । ताकि पुलिस किसी अपराधी के पक्ष विपक्ष मे अपने विवेक का दुरुपयोग न कर सके । लेकिन व्यवहार मे यह होता है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट ही देर से लिखी जाती है, कभी कभी २४ घटे बाद लिखी जाती है । और जब लिखी जाती है तो उन में लोगों का हत्या और डकैती जसे अपराधों में गलत नाम लिखा दिया जाता है । अगर पुलिस किसी व्यक्ति के खिलाफ है तो उस का नाम उनमे लिख दिया जाता है । और ये डायरियां उपस्थित कर दी जाती हैं । जो वकील लोग हैं, वे जानते हैं कि पुलिस कभी भी नियम के अनुसार चौबीस घटे मे डायरी नही भरती है और सुपरिन्टेन्डेन्ट के कार्यालय मे नहीं भेजती है । हमेशा हफ्ता, पन्द्रह बीस दिन के बाद डायरी भर कर भेजती है और यहा तक होता है कि जिन जिम्मेदार अधिकारियों के पास प्रतिलिपिया जाती हैं, जो कि कार्यपालिका के अंग होते हैं, वे भी बैक डेट से किसी पिछली तारीख से दस्तखत कर देते हैं ।

[श्री जगदीश अवस्थी]

इस लिये हम ने इस बिल में मांग की है कि अगर एक प्रतिलिपि सेशन्ज जज के पास पहुंचाई जाया करे, तो सेशन्ज जज कभी भी पिछली तारीखों में दस्तखत नहीं कर सकता, क्योंकि अब तक इस देश को और हमारे जैसे लोगों को विश्वास है कि इस देश की छोटी और बड़ी अदालतों से—सेशन्ज कोर्ट, हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट से—अब भी न्याय मिलता है। वे कभी भी पुलिस की फैब्रिकेशन और ट्विस्टिंग का समर्थन नहीं कर सकतीं। अगर उस की एक कापी न्यायाधीश के पास पहुंच जाया करे, तो पुलिस को यह करने का अवसर नहीं मिल सकता कि अभियुक्त को आज पकड़ना है, अगर नहीं पकड़ा गया, तो उस के बारे में जो चाहे डायरी भरती रहे, उस के बारे में जो चाहे आरोप लगाती रहे और अधिकारी लोग उस पर साइन कर दें। मैं एक घटना का वर्णन कर के अपनी बात समाप्त करता हूं। जिला कानपुर स्थित सिठमरा गांव में, जहां का मैं रहने वाला हूं, ३ अक्तूबर की रात को एक डकैती पड़ी और वहां पर एक स्त्री का डाकुओं ने सफाया किया और कुछ माल भी लूटा। उस गांव में हमारी पार्टी के मन्त्री श्री रामपाल सिंह जी रहते थे। प्रथम सूचना रिपोर्ट तीन दिन के बाद लिखी गई। मालूम हुआ कि २१ दिन तक पुलिस ने डायरी नहीं भरी थी और उस में उन का नाम नहीं था, लेकिन उस के बाद उन की कुर्की जब्ती आ गई और उन को उस डकैती में फंसाने का प्रयत्न किया गया। चूंकि चुनाव का समय आ रहा था, इस लिये जो लोग इस सम्बन्ध में दिलचस्पी रखते थे, उन्हों ने उन को डकैती के गम्भीर अपराध में फंसाना चाहा और यही हुआ। उन को अपराधी घोषित कर के जेल भेज दिया गया। अन्त में वह बामुश्किल तमाम उच्च न्यायालय से छूटे। उसी घटना से मुझे यह प्रेरणा हुई कि अगर इस प्रकार का संशोधन कानून में हो जाये, तो फिर पुलिस अपनी विवेकशक्ति का दुरुपयोग नहीं कर सकती। इस लिये मैं चाहता हूं कि धारा १६१ में इस तरह संशोधन कर दिया जाये कि उस की एक प्रतिलिपि न्यायाधीश के पास भी जायेगी। तब फिर पुलिस को अपना कार्य करने में और जो सचमुच अपराधी हैं, उन को उचित दंड देने में बड़ी सहायता मिलेगी। मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं। मुझे विश्वास है कि मैं जाब्ता फौजदारी की धारा १०७, १०९ और ११० को लोप करने और धारा १६१ में संशोधन करने सम्बन्धी जो विधेयक प्रस्तुत किया है, उस पर सदन गम्भीरता के साथ विचार करेगा। मैं मंत्री महोदय से भी यह आशा करता हूं कि जब वह जवाब देंगे, तो यह दलील नहीं देंगे कि शान्ति और व्यवस्था के नाम पर इस कानून की आवश्यकता है। यह तर्क इतना पुराना और इतना थोथा हो चुका है कि इस की अब आवश्यकता नहीं है। यह तर्क तो ब्रिटिश लोग दिया करते थे और शान्ति और व्यवस्था के नाम पर लाठी गोली चला कर लोगों को जेलों में बन्द किया करते थे। अब उस तर्क की आवश्यकता नहीं है। हम आशा करते हैं कि यह तर्क मन्त्री महोदय नहीं देंगे। इस बात की आवश्यकता है कि जाब्ता फौजदारी में से ऐसी धाराओं को हटा दिया जाये, जिन से कि समाज में अपराध बढ़ते हैं, घटते नहीं हैं जिन से बेगुनाहों को दण्ड मिलता है और जिन से हमारा कानून बदनाम होता है। मुझे विश्वास है कि सदन उस पर बहुत ही गम्भीरता से विचार करेगा।

Mr. Deputy-Speaker: Motion moved:

> "That the Bill further to amend the Code of Criminal Procedure, 1898 be taken into consideration"

The hon. Mover has already taken only 35 minutes; still he was kind enough to say that he will not take long. May I know what time the hon. Minister will take? Will he take the same time?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Datar): I shall take about 15 to 20 minutes.

Mr. Deputy-Speaker: Then, one hour is gone and we have got one hour for hon. Members. Will ten minutes each do?

Shri Narayanankutty Menon (Mukandapuram): Ten minutes each will do.

श्री सरजू पाण्डे (रसड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, जो बिल सदन के सामने आया है, मैं उस का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। मुझे याद है कि बहुत दिन पहले हमारे प्रधान मंत्री ने अपनी "मेरी कहानी" में हिन्दुस्तान की पुलिस के कैरेक्टर के बारे में लिखा था कि "हिन्दुस्तानकी पुलिस इस तरह की है कि महज शुबहे के बल पर लोगों को चालान किया करती है, ऐसी पुलिस किसी देश में नही है, जो कि हमारे देश में है।" लाजिमी तौर पर सब को इस बात का तजुर्बा है कि किस तरह से दफा १०७, १०९ और ११० का दुरुपयोग यहां की पुलिस उस वर्ग के हित में इम्तेमाल करती है, जिस वर्ग का शासन आज हमारे देश में है। जैसी आज की अदालतें हैं और जिस तरह के कानून-कायदे है, उन मे गरीबों को न्याय पाना बहुत ही मुश्किल है। लेकिन ऐसी दशा मे धारा १०७ सिर्फ इस लिये रखी जाती है कि गरीबो का शोषण किया जा सके और वे उन अमीरो और बड़े लोगो के खिलाफ न लड सकें, जो उन के हक को दबाये हुए है, या जो उन का शोषण करते है। मैं नही जानता कि दुनिया के किसी भी आजाद मुल्क में इस तरह का कानून है कि महज शुबहे के आधार पर कुछ लोगों को जेल में डाल दिया जाये। अभी हमारे भाई ने बहुत सी मिसालें दी है। मैं खुद उस का भुक्त-भोगी हूं। पिछले दिनों जब उत्तर प्रदेश में भाषा आन्दोलन चल रहा था, तो मैं आजमगढ़ जिले की एक इलैक्शन मीटिंग में बोलने के लिये गया और जब वहां से वापस आया, तो मुझे पुलिस ने धारा १०७ में गिरफ्तार कर लिया और यह बताया कि आप की वजह से यहां पर शान्ति-भंग की आशंका है।

16·37 hrs.

[Shri Barman in the Chair]

मैं ने कहा कि मैं इस कस्बे में नहीं हूं, मैं बोल कर जा रहा हूं, कोई ऐसी बात नहीं है, फिर मेरे आने से कैसे शांति भंग हो गई। पुलिस ने कहा कि उन्हें शुबहा है कि आगे चल कर शांति भंग हो जायेगी। अजीब कानून है। दुनिया के किसी भाग में यह देखने को नही मिलता है कि किसी अधिकारी को विश्वास हो जाये कि किसी आदमी की वजह से शांति भंग होने की आशका है, और उस को इस आधार पर जेल में डाल दिया जाये—और ऐसे लोगों को जेल में डाल दिया जाये, जिन को लोगों का विश्वास प्राप्त है, अर्थात् जो जनता के चुने हुए प्रतिनिधि है। बहुत से लोग प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के लोग, कम्युनिस्ट पार्टी के लोग, जन सघ के लोग और दूसरे दलो के लोग सोते में गिरफ्तार किये गये हैं और कहा गया कि उन के कारण भविष्य में—आज नहीं—शांति भग होने की आशका है।

श्री रा० च० शर्मा (ग्वालियर) : अगर जाग जाते, तो उपद्रव हो जाता।

श्री सरजू पाण्डे : अगर जाग जाते तो, खतरा हो जाता, लेकिन ऐसी कोई मिसाल नहीं है कि अपराध करने से पहले अपराधी को जेल में डाल दिया जाये। मैं समझता हूं कि इस तरह का कानून किसी आजाद मुल्क में नहीं है।

हमें याद है कि जब आजादी नहीं मिली थी, तो हमारे कांग्रेस के नेता बड़ी-बड़ी बातें बनाते थे। मैं पिछले दिनों प्रिवेंटिव डिटेंशन एक्ट में गिरफ्तार हुआ था। हाई कोर्ट के सामने मैं अपना आर्ग्यूमेंट करने के लिये गया। मैं ने जज से कहा कि यह इसी कोर्ट की रूलिंग है कि कोई भी आदमी किसी भी पार्टी गवर्नमेंट के खिलाफ जनता में अपनी राय दे सकता है और सरकार के खिलाफ

[श्री सरजू पांडे]

डिस-एफ्रेंचाइज फैला सकता है, लेकिन यह जो सुविधा हम को प्रदान की गई है, उस का मैं फ़ायदा कैसे उठाऊं ? फ़र्ज़ कीजिये कि मैं कोई बात कहता हूं और पुलिस वाला लिख देता है कि इन्होंने कहा कि "उस को जान से मार डालो"—मैंने वह कहा हो या न कहा हो—तो बिना सबूत लिये मैं जेल में डाल दिया जाता हूं और उस की सफ़ाई नहीं होती । तो हम इस को कैसे फ़ाइट आउट करें ? कोर्ट ने कहा कि यह तो ऐसे कानून हैं, जो कि लालैस ला हैं । हमारे पास इस का कोई इलाज नहीं है । यह काम लैजिस्लेचर का है कि ऐसे कानूनों को बदलवा दे ।" मैं ने कहा कि दूसरी मिसाल यह है कि मैं कम्यूनिस्ट हूं और अगर आप मेरे साथ चाय पी लें और पन्त जी महाराज की पुलिस रिपोर्ट कर दे कि फ़ला अफ़सर ने सरजू पांडे के साथ चाय पी, तो लाज़िमी तौर पर वह दूसरे दिन सर्विस से निकाल दिया जायगा, चाहे वह एक हज़ार कम्यूनिस्टों को डेली अपने हाथों से फांसी देता हो । मैं समझता हूं कि इस तरह की धारायें किसी कानून में होना कि आप को विश्वास हो जाये कि यह आदमी क्राइम करने वाला है और उस को आप जेल में डाल दें, मैं समझता हूं कि किसी मुल्क के लिये और कम से कम हमारे आज़ाद मुल्क के लिये बड़ी लज्जाजनक बात है और हमारे देश को गिराने वाली बात है । अगर कोई अपराधी है, तो उस के अपराध को साबित होने दीजिये । अगर कोई अपराध करते हैं, तो उन को जेल में डालिये । मैं कहता हूं कि यह तीनों धारायें कांस्टीट्यूशन के बिल्कुल खिलाफ़ है, यद्यपि इस कांस्टीट्यूशन में गरीब जनता को, देश के किसान मजदूरों को वह अधिकार प्राप्त नहीं है, जोकि दूसरे लोगों को हैं । इंगलैण्ड में, जिस को डेमोक्रासी की जननी कहा जाता है, कहा जाता है कि वहां पर कानून की नज़रों में सब बराबर हैं, लेकिन हमारे यहां कानून बड़े लोगों के लिये कुछ हैं और छोटे लोगों के लिये कुछ और हैं । बड़ा आदमी कितना भी बड़ा अपराध करे, कितनी बड़ी हत्या करे, पुलिस किसी को १०७ में नहीं पकड़ती है—कभी भी यहां के बड़े बड़े मिल-मालिकों को जेल में नहीं डालती है कि तुम्हारी वजह से मजदूर वर्ग में शान्ति भंग की आशंका पैदा हो गई है ।

पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी (सागर) : कानून नहीं रोकता है ।

श्री सरजू पाण्डे : कानून उन को नहीं रोकता है, लेकिन कानून उन का इलाज नहीं करता है । दूसरी तरफ तमाम बड़े लोगों को इस बात की इजाजत है कि वे जो चाहें करें और अगर गरीब आदमी बोले, अपने अधिकारों की बात करे, तो लाज़िमी तौर पर पुलिस उन को १०७ में बन्द कर देती है, या जैसा कि मेरे मित्र ने कहा किसी के हाथ में दियासलाई की बत्ती पकड़ा दी और कह दिया कि कोने में आग जला कर देख रहा था । और स्पष्ट हो गया कि यह चोरी करेगा । रास्ता चला जा रहा है । मुझे याद है इसी जगह, दिल्ली की घटना है, राम जी भाई गोरखपुर से आये थे । एक कांग्रेसी वर्कर बेचारे हैं बेचारे । वह बहुत सन्त आदमी हैं । राष्ट्रपति भवन को पुलिस ने उन्हें पकड लिया ९ बजे रात में । यहां एक माननीय मेम्बर के यहां ठहरे हुए थे । उन के हाथ में एक किताब थी अंग्रेजी की । पुलिस वालों ने कहा कोई बड़े पढ़े लिखे तो हो नहीं, इतनी मोटी किताब क्या करोगे ? बेचारे अपने लिये चन्दा मांग रहे थे सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के लिये । पुलिस वालों ने कहा कि किसी एम० पी० के यहां से मालूम होता है यह किताब चुरा लाया है और राष्ट्रपति भवन के पुलिस द्वारा बन्द कर दिये गये । बड़ी मुश्किल से टैलिफ़ोन वगैरह करने के बाद रिहा किये गये । मैं समझता

हूं कि यह हंसने की बात नहीं है, लोगों को कम से कम इतना हथियारहीन तो नहीं होना चाहिये । इस मुल्क में कितनी क्राइम होती है । लेकिन सिर्फ सजा देने से वह घटती नहीं है । सिर की जगह सिर तोड दे, दात की जगह दात तोड दे, हाथ की जगह पर हाथ काट ले, लेकिन क्राइम बढ़ता ही जायेगा । कहीं कहीं अभी भी पाकेटमारी की सजा के लिये फासी दी जाती है । एक तरफ पाकेटमार को फासी दी जाती है दूसरी तरफ जो लोग फांसी को देखने के लिये जाते हैं उन मे से दो तीन की पाकेट वही पर कट जाती है । तो दड से यह चीज नहीं खत्म हो सकती। हमारे यहा के दडशास्त्रियो ने कहा है कि दड से यह चीज नही रुकेगी । आज समाज में कुछ लोगो की छाती-पर कुछ लोग बैठे हुए हैं, वे हिंसा करते हैं, लूट करते है, मारते है, मगर उन को कानून का प्रोटेक्शन नही मिलता है, मगर राज्य इस बात की इजाजत नही देता, मगर मुल्क इन अपराधो को खुद रोकने के तौर पर लाजिमी तौर पर इन कानूना का इस्तेमाल नही करता है । इस लिये मै चाहूगा कि चूकि यह धाराये १०९ और ११० हमारे सविधान के खिलाफ है, हमारे अपन फैसला के खिलाफ हैं, इसलिये इन दोना धाराओ को वापस लिया जाना चाहिय । कम से कम हम अपने देश के अन्दर इन का इस्तेमाल न करे ताकि सब लोगो को बढने, फलने और फूलने का मौका मिले । आप इस तरह से अधिकारियो को इस का प्रयोग करने से रोके ।

एक बात कह कर मै खत्म करूगा क्योकि समय ज्यादा नही है । मैं चाहूगा कि आप इस पर ठडे दिल से विचार कीजिये । अगर मुझे मौका होता तो मै आप को उस जमाने की चीजे भी बतलाता, उन को सामने लाता, जबकि बहुत ज्यादा हाई कोर्टों और सुप्रीम कोर्ट के जजो ने इन धाराओ के विरुद्ध अपनी रायें दी हैं । मुझे याद है कि एक बार बलिया में १०७ दफा के अधीन एक सज्जन को ३ वर्ष तक जेल में रक्खा गया । मैं भी उस जमाने में जेल में था । मै ने पूछा तुम्हारे मुकदमे का क्या हुआ ? कहा अभी सुनवाई नही हुई । इस १०७ दफा के अधीन रोज रोज हैरेस करेगे, परेशान करेगे । यह आप का कायदा है । इसलिये मैं चाहता हू कि जब लोग आज यहा इस रेजोल्यूशन के खिलाफ बोले, जो यहा के कानूनदा हैं वे इन कानूनो के खिलाफ खडे हुए हैं, उन का कहना है कि कोई भी इस दफा १०९ में पकडा जा सकता है । मुझे याद है कि किस प्रकार से बडे इम्पार्टेंट लीडरा को पकड कर जेल में डाल दिया जाता रहा है ।

एक माननीय सदस्य मत्री जी भी पकडे गये हैं ।

श्री सरजू पाडे मत्री जी की बात तो मैं नहीं जानता हू लेकिन मुझे याद है कि हमारे यहा बड बडे कांग्रेस के नेता भी १०९ में पकडे गय और उन मे से बहुत से आज उत्तर प्रदेश मे मिनिस्टर हैं । इसलिये मै कहता हू कि आज मुझे इन सब चीजो का इतिहास बहुत दोहराने की जरूरत नही है, जब यह हमारे कास्टिट्यूशन के विरुद्ध है, हमारी आजादी के ऊपर रोक लगाता है, जो हम को कानूनी प्रोटेक्शन नही देता है, उस को बिल्कुल ही क्रिमिनल प्रासीजर कोड से निकाल कर यश प्राप्त कीजिये, इसी मे देश का कल्याण है, जिस से कि उन तमाम लोगो को जो ऐडमिनिस्ट्रेशन की गल्तियो को जानते हैं, उन को कुछ कहने का मौका मिले ।

श्री मू० च० जैन (कैथल) चेयरमैन साहब, मैं इस बिल की मुखालिफत के लिये खडा हुआ हू । इसलिये नही कि पुलिस इन दफात का गलत इस्तेमाल नही करती या कि यह मै नही जानता या हाउस के कुछ मेम्बर नही जानते । इन दफात का पुलिस काफी गलत इस्तेमाल करती है, यह ठीक है, लेकिन ऐसे भी कितने सारे केसेज हैं जहा अगर यह

[श्री मू० चं० जैन]

दफा पास में न होती तो बहुत मुश्किलात पेश आतीं । लाजिमी तौर पर मूवर साहब को इन दो बातों में तमीज करनी चाहिये । कि आया इन दफात का दुरुपयोग होता है या नहीं, और अगर होता है तो इस दुरुपयोग को कैसे खत्म करें । क्या यह लाजिमी है कि हमारे सामने या पुलिस के सामने या देश की लीडरशिप के सामने बुनियादी तौर पर ऐसी दफात हैं जिन की जरूरत नहीं ? जोकि इस देश की जाब्ता फौजदारी में नहीं रहनी चाहिये । यह सीधी दो बातें हैं । मैं ने इतनी देर के बाद भी यह नहीं सुना कि किस तरीके से इन का इस्तेमाल किया जाना चाहिये. पुलिस को क्या क्या हिदायतें देनी चाहियें और मैं मिनिस्टर साहब से इस बारे में पूछूंगा भी । लेकिन पहली बात आज यह है कि यह कहना गलत है कि इन दफात की जरूरत नहीं । यह भी कहना गलत है कि यह कांस्टि-ट्यूशन के खिलाफ है । अगर यह कांस्टि-ट्यूशन के खिलाफ हैं तो कितने सारे मुकदमे हर सूबे में, हर जिले में हुए हैं, किसी भी जगह किसी मैजिस्ट्रेट के हुक्म को चैलेंज किया जा सकता है हाई कोर्ट में या सुप्रीम कोर्ट में कि यह १०७ और १०९ दफात हमारे विधान के खिलाफ हैं । अगर वाकई खिलाफ हैं तो हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट यह फैसला दे सकते हैं कि यह अल्ट्रावायर्स हैं । उस के बाद यह जाब्ता फौजदारी से खत्म हो जायेंगी । लेकिन अभी तक ७ या ८ बरसों से तो किसी ने चैलेन्ज नहीं किया है मेरे खयाल में ।

एक माननीय सदस्य : चैलेन्ज किया है ।

श्री मू० चं० जैन : अगर चैलेन्ज किया होता तो इस बिल के लाने की जरूरत नहीं क्योंकि अगर यह अल्ट्रावायर्स है तो उसे वैसा करार दे दिया जाता । यह अब तक अल्ट्रा-वायर्स करार नहीं दिया गया नहीं तो इस बिल को लाने की कोई जरूरत नहीं थी । जहां तक इस के कांस्टिट्यूशन के खिलाफ होने की बात है, इस तर्क में कोई वजन नहीं है ।

अगली चीज यह कि साहब, यह क्या बात है कि अभी किसी ने जुर्म नहीं किया है लेकिन उसे पकड़ लिया जाय ? मैं उन से कहूंगा कि ऐसे कई केसेज हैं जिनमें पहले से पकड़ना जरूरी था । मैं जानता हूं कि पुलिस इस का काफी गलत इस्तेमाल करती है, इस में कोई शक नहीं, लेकिन ऐसे केसेज भी हैं जहां पुलिस इन को जायज तौर पर इस्तेमाल करती है और इस से गरीब आदमियों को बहुत मदद मिली है । अगर यह हथियार पुलिस के पास न होता तो उस गरीब आदमी की रक्षा नहीं थी । इसलिये इन का जाब्ता फौजदारी में होना निहायत लाजिमी है और इस को जाब्ता फौजदारी में से निकालना नहीं चाहिये । मिसाल के तौर पर आप दफा १०७ को लीजिये । इस में खुद यह बात लिखी है .

"Whenever a Presidency Magistrate, District Magistrate, Sub-Divisional Magistrate or Magistrate of the first class is informed that any person is likely to commit a breach of the peace or disturb the public tranquility or to do any act that may probably occasion a breach of the peace"

कोई खिलाफ कानून काम करने वाला है या जिसके किसी भी काम से नुकसे अमन का अन्देशा हो, मैं नहीं समझता कि उसे नुकसे अमन कर लेने देना चाहिये, उसे पहले खिलाफ कानून काम कर लेने देना चाहिये, तब उसे गिरफ्तार किया जाय, तब उसके खिलाफ एक्शन लिया जाय । मैं कहता हूं कि दवा से ज्यादा अच्छा इलाज होता है । और उसे काम करने का मौका दिये हुए ज्यादा अच्छा होगा अगर उसे गिरफ्तार कर लिया जाय ।

इसी तरीके से ११० की बात है । जहा तक दफा ११० का ताल्लुक है, उसमें लिखा हुआ है :

"Whenever .. .receives information that any person within the local limits of his jurisdiction—

(a) is by habit a robber, house-breaker, thief or forger, ..."

इतनी सारी चीजें दी हुई है । जब कोई आदतन मुजरिम है, उसके खिलाफ पाच या सात शिकायतें मौजूद हो, उसके खिलाफ क्यों न ऐक्शन लिया जाय ? इसका एक फायदा है कि अगर पुलिस के पास यह चीज है कि किसी आदमी की ११० में सजा हुई है और इस तरह के १०० आदमी हो तो उन को पहले ही पकड लिया जा सकता है । मुख्तलिफ सूबो मे अलग अलग चीजें होती है एक रजिस्टर में उन १०० आदमियो का नाम दर्ज है जब भी किसी इलाके मे कोई खास वारदात होती है तो पुलिस के पास एक बहुत जल्दी की चीज होती है कि जो इलाके के बदमाश हो उन्हें पकड कर तहकीकात कर ली जाय । कई दफा वारदातो का पता उन्ही आदमियो से चल जाता है । अगर यह रजिस्टर ही न रहे, अगर यह दफा ही न रहे, तो पुलिस किस तरीके से मालूम करेगी वारदात के बारे मे ? फिर मान लीजिये कि किसी एक गाव में एक चोरी हो जाती है, तो क्या सारे गाव के आदमियों को पकड़ कर बिठा लिया जाय ? कोई वारदात हो गई तो उस इलाके के दस बीस आदमियों को ले लिया, उनसे पूछताछ की और ७०, ८० फी सदी उन्ही लोगो में से चोरी निकलती है और काम चल जाता है । इसलिये कहना कि इन दफात के होने की जरूरत नहीं है हमारे क्रिमिनल प्रोसीजर कोड में, मैं इस को किसी तरह से तस्लीम नहीं कर सकता ।

अब मैं मिनिस्टर साहब से एक सवाल पूछना चाहता हूं और मैं समझता हू कि वह जवाब देंगे । हमारी आजादी से पहले जो हमारी पुलिस स्टेट थी, पुलिस स्टेट के बाद हमने उसको सोशल वेलफेअर स्टेट बनाने का इरादा किया है, यह हमारा आदर्श है, और इस काम में हम लगे हुए हैं यह हमारा दावा है, तो क्या कोई हिदायतें जारी हुई हैं होम मिनिस्ट्री की तरफ से स्टेट गवर्नमेंट्स को कि पुलिस को इन दफात का इस तरीके से इस्तैमाल करना चाहिये, और जो पहले तरीके थे उन तरीको से इस्तैमाल नही करना चाहिये । इसके लिये हमारे मिनिस्टर साहब यह कह सकते है कि यह मामला तो स्टेट लेविल पर उठाना चाहिये क्योंकि यह स्टेट्स सब-जैक्ट है और इसलिये वहा ही इसके वास्ते एजिटेट करना चाहिये । लेकिन मैं मन्त्री महोदय से दरख्वास्त करूगा कि जब हमारी सारी गवर्नमेंट की यह पालिसी है, हमारे देश की यह पालिसी है कि हम अपने देश में एक वैलफेयर स्टेट बनाना चाहते है तो यह जरूरी हो जाता है कि पुलिस इन दफात और इन कवानीन का, जिस तरह से कि वह पहले इस्तैमाल करती थी, अब उस तरीके से उनको इस्तैमाल मे न लाये । पुलिस द्वारा इन कानूनो का गलत तौर पर इस्तैमाल होता था । इन दफाओ का सियासी आदमियों पर इस्तैमाल होता था जिसको कि मैं बिल्कुल गलत इस्तैमाल मानता हू । किसी भी पार्टी के कार्यकर्ताओ के विरुद्ध मसलन सोशलिस्ट पार्टी वालो के या और किन्ही राजनैतिक पार्टीज के कार्यकर्ताओ के विरुद्ध यह दफा १०७, १०९ और ११० का इस्तैमाल किया जाना बराबर गलत है और यह उन कानूनों का दुरुपयोग है । जरूरत आज इस बात की है कि आप इस दुरुपयोग को खत्म करें न कि इस कानून को ही आप खत्म कर दे । मेरा अपना मत है कि यह दफाए और कानून तो होने चाहियें और इनको कानूनी किताब में रहना चाहिये लेकिन पुलिस और सम्बद्ध अधिकारियों द्वारा इन अफाओं का जो गलत

[श्री मू० च० जैन]

और नामुनासिब इस्तैमाल होता है उसको रोकने की कोशिश की जाय और उसके लिए जरूरी कदम उठाये जायें। अब ऐसा पुलिस अधिकारी किस कारण से करते हैं, कुछ उनके पुराने सस्कार इस किस्म के हैं जिनके कि कारण वे ऐसा करते है, इसका तो आप स्वय फैसला करे लेकिन मैं यह चाहूगा कि जिस तरह से पिछले जमाने से इन दफाओ का दुरुपयोग होता चला आया है वह अब जारी नही रहना चाहिये।

इन दफाओ के दुरुपयोग के बारे में मै कुछ अपने जाती अनुभव पर प्राप्त मिसालें देना चाहता ह कि किस तरह से इनके मातहत गरीबो को कुचला जाता है। मिसाल के तौर पर एक खेत पर टेनेट काबिज है, टेनेन्ट का खेत पर कब्जा है, पटवारी के कागजात में भी लिखा हुआ है लेकिन मालिक जमीन उससे जबर्दस्ती कब्जा लेना चाहता है और पुलिस को चाहिये तो यह कि जो जबर्दस्ती कब्जा लेना चाहता है उसे १०७ में पकडे, पुलिस उस गरीब मुजारे को भी १०७ में धर लेती है। पुलिस दोनो को गिरफ्तार करती है लेकिन होता यह है कि टेनेंट के तो १५ आदमी गिरफ्तार कर लेती है लेकिन मालिक जमीन के एक दो नौकरो वगैरह को गिरफ्तार करती है। मै मत्री महोदय से रिक्वैस्ट करूगा कि वह हर एक स्टेट से फेहरिस्त मगाये तो वे यह देख कर हैरान रह जायेगे कि इस तरह के जमीन मालिको और टेनेन्ट्स के बीच कितने सारे मुकद्दमे चल रहे हैं और उनमे टेनेन्ट्स को किस तरह इस १०७ के मातहत रगडा जाता है, हैरेस किया जाता है और परेशान किया जाता है। उन बेचारों को किस तरह उनके गावो से सुनवाई के लिये हैडक्वार्टर पर बुलवाया जाता है, दिन दिन भर वे वहा बैठे रहते हैं और शाम को कह दिया जाता है कि उनकी तारीख पड गयी है। मैजिस्ट्रेट्स उन पर इस कदर मेहरबान होते हैं कि उनकी १०, १० और १५, १५ पेशियां लगवा देते हैं और उनका हैडक्वार्टर पर आने जाने में ही कचूमर निकल जाता है, हैडक्वार्टर आने में जो उन पर खर्चा पड़ता है सो तो अलग और खेत पर जो वे मजदूरी करते हैं उसका हर्जा जो होता है वह अलग और यह सब अफसरान की मेहरबानी के कारण होता है। दफा १०७ को रहना चाहिए लेकिन आज बदले हुए हालात में, इस वेलफेयर स्टेट में और इस सोशलिस्टिक पैट्रन आफ सोसाइटी के ढाचे में दफा १०७ गरीबो की मदद के लिये होनी चाहिये न कि उनको सताने के लिये।

मै एक ऐसा वर्कर होने का दवा करता हू जो कि अब तक देहातो में काम करता रहा है और आगे भी करता रहूगा और एक वर्कर के अलावा एक वकील की हैसियत से भी मुझे जो जाती तजुर्बा हुआ है वह यह है कि पुलिस दफा १०७ और १०९ वगैरह का इस्तैमाल गरीबो को रगडने के लिये करती है और इसका इस्तैमाल जहा होता है वहा ९० फीसदी अमीर के हक में इस्तैमाल होता है। आप इन दफाओ का गलत इस्तैमाल रोकने के ख्याल से चाहे आई० जीज० की मीटिंग करें या स्टेट्स के पुलिस मिनिस्टर्स की एक कान्फ्रेंस बुलाये और उसमें कोई पुलिस के लिए नया कोड आफ कडक्ट निकालें ताकि हर एक पुलिस थाने में यह हिदायत हो कि अगर किसी भी पुलिस सब इस्पैक्टर ने उसके खिलाफ अमल किया, बदउनवानी से काम लिया और इन दफाओ का बेजा इस्तैमाल किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायगी। अगर इस तरह की कोई व्यवस्था की जाय तो मै समझता हू कि हमारे अफसरान में इस बात का अहसास पैदा होगा कि कानून ने जो उन्हें अख्तयारात दिये हैं उनका यदि वे गलत इस्तैमाल करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायगी। इस तरह का इन्तजाम करने से ही इस देश में रूल आफ ला कायम हो सकता है वरना पुलिस इस किस्म के कानूनो से रूल आफ

या कायम करने के बजाय मिसरूल करने वाली है। अब यह मिनिस्टर साहब का काम है कि वह इसको ठीक करने के लिये उनके पास कैसी हिदायतें भेजें, कोई नया कोड आफ कंडक्ट उनके वास्ते बनायें। मैंने तो आज जो गरीब लोगों के साथ सलूक हो रहा है और उनको परेशान किया जा रहा है वह बयान कर दिया।

Shri Narayanankutty Menon: Mr. Chairman, Sir, it may be taken for granted that the hon. the Home Minister is not going to accept the Bill. But apart from all considerations I wish to place before him two aspects of the Bill, one concerning the preventive sections and the other concerning section 161.

It may be argued quite rightly by him that there is a necessity for these preventive sections to be retained in the Code And I also agree with him that in some form or another certain preventive sections should be incorporated in the procedural law, so that when necessity arises, as might be usual, socially undesirable elements will have to be dealt with for prevention of a breach of the peace, and therefore, broadly it might be necessary that these sections, not in the present form, but in some other form be retained in the statute

But what I wish to tell the hon. Minister is, let him impartially examine, apart from all political considerations, the sum total and the result of the working of sections 107 to 110, and whether in a large majority of cases the Government could themselves be convinced that a large amount of misuse had been there and that it is going on I am not for a moment suggesting that this misuse could be properly prevented by means of a control directly from the Government, and misuse and the likelihood of misuse is so inherent in the nature of these sections. If these sections are retained in the present form, it is impossible sometimes to control it also.

For example, even though the authority to take action is an executive magistrate, the subjective satisfaction as to whether a person is going to commit an offence and is to be bound over is left entirely at the disposal of the police officer concerned Because, at the time of deciding the whole case the magistrate has not got any other material with him expect a broad report prepared by the police officer, unsupported by any evidence The only document accepted as evidence in law is an affidavit filed by the police officer and the magistrate is bound to take action on the basis of that affidavit which is unchallenged and untested either by cross-examination or in any other way

Therefore, it is quite likely that if the present procedure which extends to section 117 is retained there is likelihood of misuse of these sections, and misuse is really happening I was closely following the speech of my hon friend Shri Jain Whenever there is a strike you will find the police resorting to these sections in order that the workers are bound over We will be very glad if the hon. Minister can point out a single instance in the last twelve years where section 107 has been used against an employer who has violated the law relating to workers or who has indulged in blackmarketing The hon the Food Minister was telling the House today that even though the price of sugar was soaring and action could have been taken, the Government was helpless and they could not take action. I would like the hon. Home Minister to point out any case where the workers are not bound over and this section has been used against the employer.

In a still large number of cases, as far as agricultural labour and tenants are concerned, this section has been used in disputes between agricultural labour, the tenants and the landlords, and invariably the police use the section against the workers and the peasants and agricultural labour, and against the other side it is not used.

[Shri Narayanankutty Menon]

My only submission is, first of all, misuse will have to be prevented by the Government, and, secondly, in their present form it is impossible to prevent their complete misuse. These sections and the procedured sections which follow up to section 117 will have to be suitably amended, so that the magistrate will have before him material evidence just like an ordinary cognizable offence case and he can come to an objective satisfaction about the likelihood of the person concerned committing on offence

I earnestly desire that the hon Home Minister and the Government will spend some time over this question and, in order to prevent the possible misuse the likelihood which nobody can deny that it is being misused at least on some occasions, come forward with suitable amendments as far as sections 107 and 117 are concerned

17 hrs.

Coming to section 161, the hon Minister will have to agree that it is possible to have a large amount of misuse by the police especially after the amendment of the Criminal Procedure Code in 1956 Till the Code was amended in 1956, a statement recorded by the police could be used only for the purpose of contradiction whereas now it can be used as evidence even for the purpose of corroboration in cases where the witness turns hostile in the sessions court

Shri Datar: Not for corroboration, only for contradiction

Shri Narayanankutty Menon: I may submit, Sir, that in case where the witness after having given evidence in the lower court turns hostile in the sessions court, this can be used as corroborative evidence The police diary could be used as evidence It was under the old Code that it could be used only for contradiction In that case it is a piece of material evidence which the accused gets It is the most important material evidence, because that is the first picture of the whole story as disclosed to the police Invariably in many cases you will find that if the case diary could be kept under the complete disposal of the police till the filing of charge-sheet there is likelihood of its misuse As far as that provision is concerned, the amendment introduced by my hon friend is innocuous. It will not be possible for the hon. Minister to object to that, because the new procedure suggested is that as soon as the case diary is written just like other papers that are sent to the Magistrate let the police send a copy of the case diary also As there is a condition precedent in the Police Manual that a copy of the case diary will have to be simultaneously forwarded both for the District Superintendent of Police and the Senior Investigating Officer, let a copy of the case diary be sent to the judicial Magistrate also, so that later on the police will not be able to fabricate things This is the most valuable document, Sir, as far as the accused is concerned, more important in sessions cases where the accused stands charged with capital offences and it is therefore necessary that the accused be given protection and the authenticity of this document should be preserved by sending a copy at the earliest stage to the Magistrate I cannot find any reason why the Government should disagree with this simple procedure of sending a simultaneous carbon copy, to the magistrate when they are sending a copy to the District Superintendent of Police and the Senior Investigating Officer, so that the Magistrate can keep it and the authenticity of the document can be safeguarded

Therefore, my earnest appeal is that the Government should accept this amendment, because the principle involved has already been accepted by the Government, that once a case diary is recorded, once an evidence has been recorded, it should not be tampered with If that is the intention of the original section, if that is the

